# भारत-फिलिपींस के बीच सामरिक साझेदारी

**प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस की द्विपक्षीय वार्ता में व्यापक कार्य योजना पर सहमति**

**नई दिल्ली, 05 अगस्त . भारत और फिलिपींस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊँचाई देते हुए उन्हें सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है.**

यह निर्णय फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद लिया गया.प्रधानमंत्री मोदी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह यात्रा विशेष महत्व रखती है. उन्होंने कहा कि हमारे संबंधों की जड़ें प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी हैं और आज उन्हें नई ऊर्जा मिल रही है.

प्रधानमंत्री ने बताया कि बातचीत में आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दे और वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर व्यापक चर्चा हुई. दोनों देशों ने साझेदारी को परिणाममुखी बनाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना पर भी सहमति जताई. मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी के तहत भारत, फिलिपींस में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बढ़ावा देगा. समुद्री देशों के रूप में, मानवीय सहायता, नौसेना अभ्यास और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं.

उन्होंने फिलीपींस द्वारा भारतीय पर्यटकों को वीज़ा-फ्री एंट्री देने के फैसले का स्वागत किया व भारत की ओर से भी फिलिपींस पर्यटकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की.प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली-मनीला के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में हो रहे प्रयासों की जानकारी भी दी. उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन करने पर फिलिपींस का आभार जताया. मोदी ने कहा कि फिलीपींस भारत की एक्ट ईस्ट नीति और महासागर विज़न में एक अहम साझेदार है. उन्होंने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई.

### चार अहम समझौते हुए

भारत और फिलीपींस ने मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करते हुए चार प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत दौरे पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के बीच हुई वार्ता के बाद ये समझौते हुए. इनमें सामरिक साझेदारी की स्थापना, रक्षा संवाद को संस्थागत बनाना, आपराधिक मामलों में कानूनी सहयोग व सजायाफ्ता अपराधियों के स्थानांतरण और विज्ञान-प्रौद्योगिकी में 2025-2028 के लिए सहयोग कार्यक्रम शामिल हैं. संयुक्त प्रेस वार्ता में राष्ट्रपति मार्कोस ने भारत को फिलीपींस का पाँचवां रणनीतिक साझेदार बताया और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने इसे दोनों देशों के 75 वर्षों के रिश्तों में नई ऊँचाई बताया.

## रिश्वत मामले में एमसीडी लिपिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 05 अगस्त.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एमसीडी नजफगढ़ जोन के अपर डिवीजन क्लर्क को एक व्यक्ति से उसकी ग्रेच्युटी राशि जारी करने के बदले 50,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. सीबीआई के सूत्रों मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आरोपी डाल चंद के खिलाफ मामला दर्ज किया था. उस पर आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता से ग्रेच्युटी की कुल राशि 8,38,565 रुपये जारी करने के एवज में इसकी 10 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में मांगी थी । शिकायतकर्ता ने इसके लिए 50 हजार रूपए देने पर सहमति जतायी और इसकी शिकायत सीबीआई से की.

## राहुल बोले : लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाते रहेंगे

**इंडिया गठबंधन की बैठक में सीमाओं की सुरक्षा पर चर्चा**

**नई दिल्ली, 05 अगस्त . लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मंगलवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई जिसमें जनता के मुद्दों को मिलकर उठाने पर चर्चा की गई.**

राहुल ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, आज संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी की उपस्थिति में इंडिया गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुआ. हम लोकतंत्र और जनता के हक़ के लिए मिलकर आवाज़ उठाते रहेंगे. बैठक में एक वर्तमान न्यायाधीश द्वारा राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी पर भी गंभीर चर्चा हुई. विपक्षी दलों ने इस टिप्पणी को असाधारण बताया और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के विरुद्ध करार दिया. कांग्रेस पार्टी ने बताया कि न्यायाधीश की यह टिप्पणी विपक्ष की भूमिका और आलोचना के अधिकार को सीमित करने का संकेत देती है.

बैठक में यह भी कहा गया कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बोलना विपक्ष की जिम्मेदारी है. नेताओं ने दोहराया कि जब कोई सरकार देश की सीमाओं की रक्षा करने में विफल होती है, तो उसे जवाबदेह ठहराना नागरिकों और विपक्ष का नैतिक कर्तव्य बनता है. बैठक में देश की सीमाओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और यह आरोप लगाया कि सरकार इस मोर्चे पर असफल रही है.

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त प्लान

इंडिया गठबंधन के नेताओं को दावत के बहाने राहुल गांधी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर एक संयुक्त रणनीति तैयार करने की स्ट्रेटेजी है . इसके अलावा 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं . राहुल गांधी की डिनर पार्टी में इन दोनों ही मुद्दों पर विपक्षी नेताओं के साथ मंथन और रणनीति बनाने की कवायद की जा सकती है . विपक्ष बिहार में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार सवार उठा रहा है .

## जैन को बदनाम करने वालों पर हो कार्रवाई

**सीबीआई अधिकारियों पर भी मुकदमा दर्ज होना चाहिए : आप**

**नई दिल्ली, 05 अगस्त. आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन को पूरा न्याय तब मिलेगा, जब झूठे आरोप लगाकर उनको बदनाम करने वालों के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.**

आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, सत्येंद्र जैन को अभी आधा न्याय मिला है. उन्हें पूरा न्याय तब मिलेगा, जब झूठे आरोप लगाकर उनको बदनाम करने वालों के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. हमारी मांग है कि सत्येंद्र जैन पर झूठा आरोप लगा कर उनको बदनाम करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता , उपराज्यपाल और सीबीआई के अधिकारियों पर भी मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए. भारद्वाज ने कहा कि पहले विजेंद्र गुप्ता एक झूठी शिकायत करते हैं. फिर उपराज्यपाल उस शिकायत को सीबीआई को भेज देते हैं. शिकायत में कुछ होता नहीं है, फिर भी सत्येंद्र जैन पर झूठा मामला दर्ज होता है. इसके बाद बिना सबूत के सीबीआई जांच शुरू करती है और सत्येंद्र जैन और उनके परिवार के साथ आम आदमी पार्टी को लगातार परेशान किया जाता है.

अदालत में इस मामले को बंद कर देने से स्पष्ट हो चुका है कि विजेंद्र गुप्ता ने सिर्फ सत्येंद्र जैन और आप को बदनाम करने के लिए झूठी शिकायत की थी. आप नेता ने कहा कि उनका मानना है कि कानून में जहां भी अन्याय हो, उसकी भरपाई का प्रावधान भी कानून के अंदर होनी चाहिए. सीबीआई कोर्ट की ओर से भ्रष्टाचार के एक मामले में जैन को बरी कर दिया गया था.

## शुरू होगी 'यू स्पेशल बस सेवा' : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली, 05 अगस्त.** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि वर्षों से बंद पड़ी यू स्पेशल बस सेवाओं को फिर से शुरू होगा. गुप्ता ने दिल्ली विश्व विद्यालय के अधीन संचालित सोशल सेंटर स्कूल के नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन के बाद घोषणा की कि वर्षों से बंद पड़ी यू स्पेशल बस सेवाओं को फिर से शुरू किया जाएगा. ये बसें आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी, जिनमें एयर कंडीशनिंग, एलईडी लाइटिंग व म्यूज़िक सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल होंगी. उन्होंने यह सुझाव दिया दिल्ली विश्वविद्यालय को कुछ स्कूलों को गोद लेना चाहिए, ताकि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र नियमित रूप से इन विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करें.

## लॉस एंजेल्स : संगीत समारोह के बाद गोलीबारी, दो की मौत

**हार्ड समर फेस्टिवल के बाद फैली दहशत, छह घायल**

**लॉस एंजेल्स, 05 अगस्त. अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजेल्स शहर में हार्ड समर संगीत समारोह के बाद हुई सामूहिक गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए.**

पुलिस के अनुसार 1100 ब्लॉक के पास एक पार्टी के दौरान बंदूकधारी व्यक्ति को देखकर कार्यक्रम रोक दिया गया और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया. बाद में सोमवार को फिर गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस दोबारा मौके पर पहुंची. एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल सात लोगों को अस्पताल ले जाया गया. एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई. गौरतलब है कि हार्ड समर फेस्टिवल एक लोकप्रिय हाउस और टेक्नो संगीत कार्यक्रम है, जो हॉलीवुड पार्क में आयोजित होता है.

## यूपी पुलिस में 30 हजार नई भर्तियां जल्द

**लखनऊ, 05 अगस्त. उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि यूपी पुलिस बल में जल्द ही 30 हजार नए पदों पर भर्ती की जाएगी.**

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा. सीएम योगी ने यह भी बताया कि भर्ती में 20 प्रतिशत पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगे. उन्होंने कहा कि यह कदम सेना से लौटे युवाओं को नागरिक सुरक्षा में योगदान का अवसर देगा और उन्हें सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित करेगा. मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भ्रष्टाचार-मुक्त भर्ती प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि 2017 में जहां ट्रेनिंग की क्षमता सिर्फ 3,000 थी. वहीं आज 60,244 पुलिस कार्मिकों की एकसाथ ट्रेनिंग दी जा रही है. उन्होंने बताया कि नए ट्रेनिंग संस्थानों की स्थापना कर ट्रेनिंग की क्षमता में व्यापक वृद्धि की गई है. सीएम योगी ने कहा कि यूपी पुलिस भर्ती प्रणाली आज पारदर्शिता और निष्पक्षता का प्रतीक बन चुकी है. भाजपा सरकार ने ऐसी प्रक्रिया को साकार किया है जिसमें नौकरियाँ अब केवल रोजगार नहीं, भरोसे का नाम बन चुकी हैं.

## खरीफ फसल बीमा के लिए अभियान

**राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ कृषि मंत्री की बैठक**

**नईदिल्ली, 05 अगस्त . केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मौजूदा खरीफ सीजन के लिए किसानों का ज्यादा से ज्यादा नामांकन करने पर जोर देते हुए कहा है कि इसके लिए 16 से 30 अगस्त तक देशभर में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा.**

चौहान ने मंगलवार को कई बैंकों और विभिन्न राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक में यह बात कही. उन्होंने अधिकारियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को अधिक कर्ज देने का आग्रह करते हुए कहा कि इसके अलावा उन्हें देश के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा.

केंद्रीय मंत्री ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है. इसमें कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास की बहुत अहम भूमिका है. संस्थागत ऋण 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ था, जो 2023-24 में बढ़ कर 25.49 लाख करोड़ हो गया है.

यह एक उपलब्धि है लेकिन तब भी कुछ बैंकों और राज्यों का

## राहुल गांधी पर कोर्ट की टिप्पणी सबक

**देश के खिलाफ बयान देकर बच नहीं सकते : मंत्री रिरिजू**

**नईदिल्ली, 05 अगस्त.** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सर्वोच्च अदालत की ओर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बारे में की गई टिप्पणी सभी के लिए एक चेतावनी और सबक है. राहुल ने देश की सुरक्षा और सीमाओं को लेकर जो ग़लत बयान दिए हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने जो कड़ी टिप्पणी की है, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में दोहराया. प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई जिम्मेदार व्यक्ति सार्वजनिक मंच से गलतबयानी करता है तो न्यायालय भी मूकदर्शक नहीं रहेगा. रिजिजू ने कहा कि यह संदेश साफ है भारत का कोई भी नागरिक चाहे जितना बड़ा हो, वह देश के खिलाफ बयान देकर बच नहीं सकता.

रिजिजू ने बताया कि राजग की बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' की सफलता को सराहा गया और सुरक्षा बलों को इसके लिए बधाई दी गई. वहीं, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के उस आरोप को उन्होंने निराधार बताया जिसमें कहा गया था कि सदन के अंदर पुलिस बल बुलाया गया. उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद में केवल मार्शल को प्रवेश की अनुमति है. साथ ही कहा कि विपक्ष बार-बार विधेयकों को रोक रहा है जिससे संसद का कीमती समय और जनता का पैसा बर्बाद हो रहा है.

### आज का इतिहास

1858 जापान ने अनिच्छा से एमिटी वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए.

1862 अमेरिकन सिविल वॉर-कॉफेडरेट जासूस बेले बॉयड को उसके प्रेमी द्वारा उसके बदले जाने के बाद यूनियन सैनिकों ने गिरफ्तारी

1899 न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन हुआ

1899 पहले हेग कन्वेंशन, पहले औपचारिक बयानों के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून में युद्ध और युद्ध अपराधों के कानूनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

1947 दुनिया का पहला सामान्य-उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिकडिजिटल कंप्यूटर बना.

### एक नजर में

## मुझसे ट्यूशन ले लो : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, 05 अगस्त।** संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विपक्ष के विरोध और आरोपों पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा में तीखी प्रतिक्रिया दी और विपक्षी सांसदों पर तंज कसते हुए कहा,आपको मुझसे ट्यूशन लेनी चाहिए, मैं सिखाऊंगा विपक्ष कैसा होता है। जेपी नड्डा ने कहा, मैंने 40 साल विपक्ष में बिताए हैं। आप लोग तो अभी 10 साल ही हुए हैं, आगे और 30-40 साल रहना है। विपक्ष में रहना भी एक कला है ।नड्डा ने अपने भाषण में विपक्ष के व्यवहार पर निशाना साधते हुए कहा,अगर आप लाठी मारें और वो मेरी नाक तक पहुंचे, तो जहां से मेरी नाक शुरू होती है वहीं से आपका लोकतंत्र खत्म हो जाता है ।उन्होंने विपक्ष पर सदन में अराजकता फैलाने और लोकतंत्र के नाम पर अनुशासनहीनता करने का आरोप लगाया ।उनका यह बयान तब आया जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में सीआईएसफ की मौजूदगी पर आपत्ति जताई और कहा था कि सरकार हमें प्रदर्शन करने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों का दुरुपयोग कर रही है।

## अफगान में ड्रग्स तस्करी के आरोपी गिरफ्तार

**काबुल, 05 अगस्त .** पूर्वी अफगानिस्तान के लघमान प्रांत में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में लिप्त सात लोगों को गिरफ्तार किया है . प्रांतीय पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, आरोपी मैथमफेटामाइन और टैबलेट के जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी और स्थानीय स्तर पर बिक्री में शामिल थे . पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा . इसी प्रकार, उत्तरी तखर प्रांत में पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर 75 किलो अफीम पोस्त बरामद की है और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है . अधिकारियों ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान तेज़ करने का संकेत दिया है .

## रूस में ड्रोन हमले विफल

**वोल्गोग्राद, 05 अगस्त .** रूस के बंदरगाह शहर वोल्गोग्राद में परिवहन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। रूसी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी ।वोल्गोग्राद के गवर्नर आंद्रे बोचारोव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि बड़े पैमाने पर ड्रोन से हुए हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन ड्रोनों के मलबे से एक हाई-वोल्टेज बिजली लाइन टूट गई .


**इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD**

**इंडियन बैंक, देवास शाखा**
**91, मोती बंगलो, देवास (म.प्र.)**

**परिशिष्ठ - 4 {नियम-8(1)} आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि अधो-हस्ताक्षरकर्ता ने **इंडियन बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 का सपठित नियम 8 एवं 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **श्री लक्ष्मण सिंह सोलंकी पिता श्री नारायण सोलंकी (ऋणी/बंधककर्ता)** प्लॉट नं. 55, ईश्वर नगर कॉलोनी, देवास-455001 **(2) श्रीमती कमलावती सोलंकी पति श्री लक्ष्मण सिंह सोलंकी, (ऋणी/बंधककर्ता)** प्लॉट नं. 55, ईश्वर नगर कॉलोनी, देवास-455001 को हमारी **देवास शाखा** से मांगनी करते हुए मांग सूचना पत्र **दिनांक 13.05.2025** उक्त सूचना पत्र की दिनांक से 60 दिवस के भीतर सूचना पत्र में उल्लेखित राशि **रुपये 21,26,197.00/- (रुपये इक्कीस लाख छब्बीस हजार एक सौ संत्तानवे मात्र)** को लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी एवं सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति को **आधिपत्य दिनांक 31 जुलाई 2025** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई संव्यवहार न करें तथा यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **रुपये 21,26,197.00/- (रुपये इक्कीस लाख छब्बीस हजार एक सौ संत्तानवे मात्र)** और उस पर ब्याज के लिए इंडियन बैंक के प्रभार के अधीन होगा।

**''हम सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, जो प्रतिभूतियों पर आपके ऋणमुक्ति के अधिकारों से संबंधित हैं''।**

अचल सम्पत्ति का विवरण

आवासीय संपति के संपूर्ण एवं शेष अंश प्लॉट नंबर 55 (दक्षिण भाग) पर निर्मित संपत्ति, पटवारी हल्का नंबर 27, वार्ड नंबर 42, सरल नंबर 636, ईश्वर नगर कॉलोनी, बालगढ़, देवास (म.प्र.) **संपत्ति मालिक** - श्री लक्ष्मण सिंह सोलंकी पिता श्री नारायण सोलंकी एवं श्रीमती कमलावती सोलंकी पति श्री लक्ष्मण सिंह सोलंकी, क्षेत्रफल 67.5 वर्गमीटर **चर्तुसीमाएँः**- पूर्वः रोड, पश्चिमः प्लॉट नं. 46 पर निर्मित मकान, उत्तरः प्लॉट नं. 55 का शेष भाग, दक्षिणः प्लॉट नं. 56 पर निर्मित मकान

**दिनांक : 06.08.2025**
**स्थान : देवास**
ह/- प्राधिकृत अधिकारी
**इंडियन बैंक**



**कार्यालय नगर परिषद बिस्टान, जिला खरगोन (म.प्र.)**
Email Id-cmobistan@mpurban.gov.in

निविदा सूचना क्र./2385/ई-टेंडर/2025 बिस्टान, दि. 05/08/2025

**द्वितीय ई निविदा विज्ञप्ति**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | कार्यादेश से कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | EMD राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_442352_1 Date - 05.08.2025 | वार्ड क्र. 01 नहाल बेडी में शमशान घाट के पास स्वच्छ भारत मिशन (शहरी (2.0) योजना अंतर्गत एम.आर.एफ./कम्पोजिट प्लांट निर्माण कार्य। | 76,51,437/- | 06 माह | 10,000/- | 57386 | 20.08.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

(डेमसिंग नार्वे) अध्यक्ष नगर परिषद, बिस्टान | (श्रीमती निर्मलाबाई राठौर) उपाध्यक्ष नगर परिषद, बिस्टान | (प्रहलाद वास्कले) सभापति नगर परिषद, बिस्टान | (एस.के. पाराशर) मुख्य नपा अधिकारी नगर परिषद, बिस्टान



**सीएफएम एसेट रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड** CIN: U67100GJ2015PTC083994
पहली मंजिल, वेकफील्ड हाउस, स्प्रोट रोड, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई -400038 ईमेलः ram-jaluka@cfmarc-in संपर्कः 022-40055282/8976862752

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित**

"फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2024 के असाइनमेंट डीड के जरिए सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में ऋण सौंप दिया है। जो वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (एसएआरएफएईएसआई अधिनियम) की धारा 3 के अंतर्गत एक एसेट पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ विधिवत पंजीकृत है। निम्नलिखित ऋणी ने फिनोवा प्राइवेट लिमिटेड "मूल ऋणदाता" से विभिन्न वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। ऋणदाता ने गारंटर और बंधककर्ता के साथ मिलकर ऋण की चुकौती को सुरक्षित करने के लिए अपनी चल और अचल संपत्तियों पर सुरक्षा हित बनाया था। मूल ऋणदाता द्वारा दी गई ऋण सुविधाओं के लिए ऋणी, गारंटर और बंधककर्ता द्वारा निष्पादित विभिन्न ऋण दस्तावेजों का विवरण।

ऋणी द्वारा किए गए चूक के बाद, मूल ऋणदाता ने समय-समय पर (आरबीआई) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और निर्देशों के अनुसार उनके खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित कर दिया था। इसके बाद, मूल ऋणदाता ने पंजीकृत असाइनमेंट समझौते के अनुसार, ऋणों में अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज, साथ ही उसमें अंतर्निहित सुरक्षा हितों को SARFAESI अधिनियम की धारा 5 के तहत CFM एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (CFMARC) के पक्ष में सौंप दिया और ऋणी के लिए सुरक्षित ऋणदाता की भूमिका में आ गया और बकाया राशि वसूलने और अंतर्निहित सुरक्षा हितों को लागू करने का हकदार है।

नीचे हस्ताक्षरकर्ता SARFAESI अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत सीएफएमएआरसी के एक अधिकृत अधिकारी होने के नाते, निम्नलिखित ऋणी से संयुक्त रूप से और अलग-अलग बकाया राशि का भुगतान करने और संपूर्ण ऋण देयता का भुगतान अनुबंध दर पर भविष्य के ब्याज के साथ-साथ आकस्मिक खर्च, लागत, प्रभार आदि के साथ भुगतान और ध्या वसूली की तारीख तक इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने का आह्वान करते हैं, अन्यथा बकाया राशि वसूलने के लिए SARFAESI अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

| ऋणी/सह-ऋणी एवं गारण्टर का नाम एवं पता | 13(2) के अधीन मांग राशि एवं दिनांक | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) 5022898, धन्ना लाल जी (ऋणी), लीलाबाई पत्नी धन्ना लाल (सहऋणी), श्याम लाल पुत्र धन्ना लाल (सहऋणी), रामनिवास पुत्र धन्ना लाल (सहऋणी), विक्रम मेघवाल (गारंटर) | 07-अप्रैल-25 ₹ 5,12,345.00 पांच लाख बारह हजार तीन सौ पैंतालीस रूपये मात्र 31.12.2024 तक | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 109, पटवारी हलका नं. 07, वार्ड नं. 08 ग्राम पिपलदा, तहसील भानपुरा, जिला मंदसौर, मप्र क्षेत्रफल 900 वर्गफीट |

उक्त अधिनियम के तहत ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्तियों को हस्तांतरित करने पर प्रतिबंध है। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास औरध्या दंड का सामना करना पड़ेगा।

दिनांकः 05.08.2025
स्थानः मंदसौर, मप्र
प्राधिकृत अधिकारी
सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
[सीएफएमएआरसी ट्रस्ट - 151 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत]



**केनरा बैंक Canara Bank**
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड़, बैंगलूर - 562002
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर फोन: 0731-2573816

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **केनरा बैंक, इंदौर** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन **अधिनियम** 2002 की धारा के अंतर्गत, सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोरर्समेंट) **अधिनियम 2002 का अधिनियम संख्यांक 54** के साथ पठित, **सेक्शन 13 (12) नियम 3** के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोलिखित खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को नोटिस जारी कर ऋणियों को नोटिस की तारीख / नोटिस प्राप्ति को तारीख से **60 दिन** के अंदर उक्त खाते के सामने दर्शाई गई राशि अदा करने के लिए कहा था। ऋणी उक्त राशि चुकाने में असफल रहा है अत: ऋणियों तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट के सेक्शन **13 (4)** उक्त एक्ट के साथ पठित उक्त रूल्स के नियम **9** के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोलिखित संपत्ति का कब्जा उक्त खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को ले लिया है। एतद् द्वारा ऋणियों को विशेष एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है कि उक्त संपत्ति विषयक कोई संव्यवहार न करें ऐसा कोई भी संव्यवहार वसूल की जाने वाली उल्लेखित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो हेतु **केनरा बैंक, इंदौर** के प्रभार के अधीन रहेगा।

| क्रं. | शाखा का नाम एवं मोबाईल नं. | ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की बकाया राशि (₹) | मांग नोटिस की दिनांक / कब्जा लेने/चस्पा करने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खण्डवा शाखा 8595058017 | मेसर्स बालाजी सब्जी भंडार, प्रोप्राईटर श्री रोहित वर्मा एवं श्री रोहित वर्मा पिता सुरेश चंद वर्मा | लेआउट प्लाट नं. 117, प्लाट नं. 13 पर स्थित रहवासी मकान, विनायक एवेन्यु कॉलोनी, सुभाष चंद्र बोस वार्ड नं. 49, डायवर्टेड शीट नं. 01, पटवारी हल्का नं. 95, मालिपुरा, खण्डवा (म.प्र.) 450001, **क्षेत्रफल: 613.76 वर्गफीट, सीमाएं: उत्तर:** कॉलोनी की सड़क, **दक्षिण:** कॉलोनी का प्लाट नं. 118, **पूर्व:** कॉलोनी की सड़क, **पश्चिम:** गार्डन के बाद रास्ता | **18,35,648.39** + दिनांक 22.05.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | 26.05.2025 / 02.08.2025 |
| 2 | खण्डवा शाखा 8595058017 | मेसर्स वर्मा कॉन्ट्रेक्टर एण्ड कन्स्ट्रकशन, प्रोप्राईटर श्री सेवक राम वर्मा, श्री सेवक राम वर्मा पिता सुरेश चंद वर्मा (ऋणी), श्रीमती लक्ष्मीबाई वर्मा पिता अशोक वर्मा, श्री मनीष कुमार वर्मा पिता प्रकाश चंद वर्मा एवं श्री विकास वर्मा पिता प्रकाश चंद वर्मा (जमानतदार) | प्लाट नं. 23 का पश्चिमी भाग पर स्थित रहवासी मकान, शीट नं. 23, महाराणा प्रताप वार्ड नं. 12, खण्डवा तरफ कुम्बी, गंज बाजार, ओल्ड घासपुरा, खण्डवा (म.प्र.) 450001, **क्षेत्रफल: 550 वर्गफीट, सीमाएं: उत्तर:** गली, **दक्षिण:** गली, **पूर्व:** भूमि का शेष भाग, **पश्चिम:** ताहिर भाई का मकान | **17,72,187.24** + दिनांक 24.05.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | 26.05.2025 / 04.08.2025 |
| 3 | खण्डवा शाखा 8595058017 | मेसर्स कौशल वर्मा कन्स्ट्रक्शन, प्रोप्राईटर श्री चंद्रशेखर वर्मा (ऋणी) एवं श्रीमती पुष्पा बाई वर्मा पति श्री जयराज वर्मा (जमानतदार) | प्लाट नं. 20 का भाग पर स्थित रहवासी मकान, नजुल ब्लॉक नं. 23, रामकृष्णगंज वार्ड नं. 18, डॉ. हसन अली मार्ग, खण्डवा (म.प्र.) 450001, **क्षेत्रफल: 598 वर्गफीट, सीमाएं: उत्तर:** सड़क, **दक्षिण:** गली, **पूर्व:** हरलाल वर्मा का मकान, **पश्चिम:** धम्माली का मकान | **15,95,013.13** + दिनांक 22.05.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | 26.05.2025 / 04.08.2025 |

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 06.08.2025 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक